<u>प्रैस विज्ञप्ति</u>

<u>दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी में डॉ एस. आर. रंगानाथन के जीवन और शिक्षाओं पर ''टॉक शो'' का आयोजन</u>

दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी ने अपने पाठकों के लिए विभिन्न विषयों पर टॉक शो आयोजित करने का निर्णय लिया है । इस योजना का आगाज करते हुए आज दिनांक 7-8-2018 को दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी के अमीर खुसरो सभागार में पुस्तकालय विज्ञान के जनक डॉ. एस. आर.रंगानाथन के जन्मदिवस के अवसर पर प्रथम ''टॉक शो'' का आयोजन किया गया जिसका विषय **"Life and Contribution of Father of Library Science : Dr. S. R. Ranganathan"** था । इस विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर पी.के. वालिया, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, दिल्ली विश्वविद्यालय को आमंत्रित किया गया । कार्यक्रम का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन तथा सरस्वती वंदना से किया गया । इसके पश्चात् डॉ. लोकेश शर्मा, महानिदेशक, दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी द्वारा मुख्य अतिथि प्रो. पी.के. वालिया का स्वागत उतरीय, पुस्तक एवं पुष्प गुच्छ द्वारा किया गया । मुख्य वक्ता प्रो. पी.के.वालिया ने अपने वक्तव्य में ना केवल डॉ. एस. आर. रंगानाथन के जीवन पर प्रकाश डाला बल्कि समाज में उनके योगदान पर भी प्रकाश डाला । सार्वजनिक पुस्तकालय की सेवाओं पर तथा सार्वजनिक पुस्तकालयों में डॉ. एस. आर. रंगानाथन के महत्वपूर्ण सहयोग, योगदान, सेवाओं को भी श्रोतागणों के सामने रखा । उन्होने स्लाइड शो के द्वारा डॉ. रगानाथन द्वारा प्रतिपादित पुस्तकालय विज्ञान के पाँच सूत्रों की व्याख्या की । इसके अतिरिक्त देश विदेश में डॉ. रंगानाथन के योगदान को विस्तार से समझाया । इसके साथ ही पुस्तकालय विज्ञान किस प्रकार पाठकों को अपनी ओर आकर्षित करें इसका भी विश्लेषण किया । साथ ही डॉ. रगंगनाथन ने किन प्रमुख पदों पर कार्य किया एवं उन्हें जो सम्मान प्राप्त हुए उनको भी श्रोताओं के सामने रखा । बाद में कुछ श्रोताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्होंने अपना वक्तव्य समाप्त किया । कार्यक्रम के अंत में डॉ. लोकेश शर्मा, महानिदेशक ने सभी का आभार व्यक्त किया और अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया ।

07/08/2018

Delhi Public Library
Talk-Show
Title
Speaker by: -
07/08/2018

Delhi Public Library
07/08/2018

07/08/2018

Talk
Show
07/08/2018

07/08/2018

Talk
Show
07/08/2018

Talk
Show
07/08/2018

07/08/2018